RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई, सोमवार 22 सितम्बर 2025 | वर्ष 07 | अंक 155 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई : फिल्मसिटी में 5 लाख रुपए की चोरी...



Page - 2

# बीएमसी चुनाव के लिए बनी रणनीति !

## गढ़ों में उद्धव-राज की पार्टी को बराबर सीट, अन्य पर 60:40 का फॉमूर्ला



**मुंबई : शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे), मुंबई में नगर निकाय चुनावों के लिए अपने-अपने गढ़ों में सीट का बंटवारा बराबर-बराबर कर सकती हैं और महानगर के बाकी हिस्सों के लिए 60:40 का फामूर्ला अपना सकती हैं. सूत्रों ने यह जानकारी दी.**

सूत्रों ने बताया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के नेतृत्व वाली मनसे के बीच गठबंधन अब महज औपचारिकता मात्र रह गया है, इसलिए दोनों दलों के नेताओं को ऐसी सीट की सूची तैयार करने को कहा गया है. सूत्रों के अनुसार, शिवसेना (उबाठा) और मनसे के बीच औपचारिक गठबंधन की घोषणा दिवाली के आसपास हो सकती है, जब नगर निगम चुनाव का पहला चरण होने की संभावना है. राज्य के बाकी हिस्सों में दोनों दल एक-दूसरे की ताकत के आधार पर फैसला लेंगे. शिवसेना (उबाठा) और मनसे का ठाणे, नासिक और कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में प्रभाव है. इस सप्ताह की शुरूआत में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश का पालन न करने के लिए महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग की खिंचाई की और निर्देश दिया कि 2022 से रुके हुए राज्य के स्थानीय निकाय चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे किए जाएं. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) 2025-26 के लिए 74,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ देश का सबसे अमीर नगर निकाय है और इसपर कब्जे के लिए पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद सबसे कड़ा मुकबला होने की संभावना है. मुंबई में 227 नगर निगम वार्ड हैं. एक मनसे नेता ने कहा, ''विवाद का केंद्र वे इलाके हैं जहां शिवसेना (उबाठा) और मनसे दोनों का प्रभाव है.

## पालघर : 27 वर्षीय व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या; आरोपी गिरफ्तार



**पालघर :** विरार पूर्व में हिंसा की एक चौंकाने वाली घटना घटी जब 27 वर्षीय मेहुल हरेश शाह की पूनम नगर चॉल के एक सुनसान इलाके में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी 27 वर्षीय अनिकेत गायकवाड़ को विरार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन घटना के दौरान उसे चोटें भी आईं। अधिकारियों के अनुसार, यह हमला सुबह करीब 10:50 बजे मनवले पाड़ा में झाड़ियों और पेड़ों के पास हुआ। दोनों व्यक्ति कथित तौर पर नशे में थे जब एक बहस हाथापाई में बदल गई। जब शाह ने भागने की कोशिश की, गायकवाड़ ने उसका पीछा किया और कथित तौर पर उस पर कई बार चाकू से वार किया, जिससे उसके पेट और हाथों में गंभीर चोटें आईं, जिससे शाह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत अधिकारियों को सूचित किया।

## मीरा रोड में सैलून कर्मी ने सोने की चेन के लिए बुजुर्ग को मार डाला।



**मुंबई :** मुंबई से सटे मीरा रोड इलाके में एक सैलून कर्मी ने सोने की चेन के लिए बुजुर्ग को मार डाला। मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस ने लालच में शैतान बने सैलून कर्मी को सीसीटीवी फुटेज की मदद से दबोच लिया है। काशीमीरा पुलिस स्टेशन में सामने आई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया था। बुजुर्ग के लापता होने के बाद परिवार जहां परेशान था तो वहीं हत्या के बाद मामला और ज्यादा उलझ गया था, लेकिन मिरा भाईंदर पुलिस ने मामले को सुलझा लिया।

**कब क्या कुछ हुआ ?**

जानकारी के अनुसार मीरा रोड के गौरव गैलेक्सी फेज-01 में रहने वाले 75 साल के विठ्ठल बाबूराव तांबे 16 सितंबर को रहस्यमय तरीके से लापता हो गए थे। परिवार ने इसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट काशीमीरा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। पुलिस ने बुजुर्ग के लापता होने की जांच शुरू की थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस ने पाया कि तांबे को आखिरी बार एमआईडीसी रोड स्थित सागर सैलून में जाते हुए देखा गया था। पुलिस ने इसके बाद सैलून को जांच के दायरे में लिया। आगे की तलाश में सामने आया है कि 17 सितंबर की रात करीब 3 बजे फुटेज में एक व्यक्ति को किसी शव को घसीटते हुए सैलून से बाहर ले जा रहा है।

**सीसीटीवी से मिला सुराग**

पुलिस ने संदेह के आधार पर जब सैलून चालक असफाक इशाक शेख (39) से पूछताछ की गई तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने कबूल किया कि बुजुर्ग तांबे उसके सैलून में आए थे। पुलिस की पूछताछ में उसने कबूला कि उनके गले में सोने की चेन देखकर उसने हत्या की योजना बनाई थी। मौका पाकर उसने तौलिए से उनका मुंह-नाक दबाकर और गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। बाद में सोने की चेन निकाल ली और रात के अंधेरे में शव को पास ही गटर में फेंक दिया।

# मराठा प्रदर्शनकारियों का एड. गुणरत्न सदावर्ते के वाहन पर हमले का प्रयास, प्रदर्शनकारी गिरफ्तार



**जालना :** जालना शहर में एक घटना सामने आई है जहाँ मराठा बंधुओं ने वकील गुणरत्न सदावर्ते की गाड़ी पर हमला करने की कोशिश की। सदावर्ते जब जालना शहर में थे, तभी कुछ मराठा बंधुओं ने अचानक उनकी गाड़ी पर हमला करने की कोशिश की। उस समय पुलिस भी वहाँ मौजूद थी। पुलिस की नजर बचाकर मराठा बंधुओं ने गुणरत्न सदावर्ते की गाड़ी पर हमला करने की कोशिश की।

सदावर्ते ने जालना में धनगर समुदाय के प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर बोरहाड़े समेत कुछ लोग जालना शहर में भूख हड़ताल पर हैं। सदावर्ते प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए एक वाहन में जा रहे थे। उसी दौरान कुछ मराठा भाइयों ने उनके वाहन को रोकने की कोशिश की। सदावर्ते के वाहन के आगे एक पुलिस वाहन भी था। पुलिस ने सदावर्ते के रास्ते में जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था भी तैनात की थी।

**पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया**

माना जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सदावर्ते उन्हें रोकने या उन पर हमला करने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए, सदावर्ते की गाड़ी जिस रास्ते से जा रही थी, वहाँ मराठा बंधुओं को रोकने के लिए पुलिस की व्यवस्था की गई थी। एक जगह सदावर्ते की गाड़ी के आगे पुलिस की गाड़ी रुकी और मराठा बंधुओं को रोकने की कोशिश की। जैसे ही सदावर्ते की गाड़ी वहाँ पहुँची, कुछ मराठा बंधुओं ने पुलिस की नजर बचाकर गाड़ी की तरफ दौड़ लगाई और उस पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने गाड़ी की खिड़कियों पर हाथ मारा। अचानक हुए हमले की इस कोशिश से पुलिस में भी हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत कार्यकर्ताओं को पकड़ लिया और गाड़ी के लिए रास्ता साफ कराया। इस बीच, मुंबई में मनोज जरांगे के विरोध प्रदर्शन के दौरान, सदावर्ते ने उनके लिए आपत्तिजनक बयान दिए थे। उन्होंने इस विरोध प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की थी।

## मुंबई : दिंडोशी इलाके में 19 साल के युवक ने 16 साल की लड़की के साथ किया दुष्कर्म



**मुंबई :** 16 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह वारदात मुंबई के दिंडोशी इलाके में हुई, जहां एक 19 साल के युवक ने इस घटना को अंजाम दिया है। दिंडोशी पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और उसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया। फिलहाल, आरोपी को 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। पीड़ित लड़की 11वीं कक्षा की छात्रा है। पढ़ाई के साथ-साथ वह अपने खाली समय में पड़ोस के एक दुकान पर इमिटेशन ज्वेलरी का भी काम करती थी। वहां काम करने वाला 19 साल का आरोपी भी उसी इलाके का रहने वाला था।

दोनों एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन किसी को यह अंदाजा नहीं था कि यही जान-पहचान एक दिन काले साये में बदल जाएगी। एक दिन मौका देखते हुए आरोपी ने अकेलेपन का फायदा उठाया और लड़की के साथ दुष्कर्म कर डाला।कुछ दिनों बाद लड़की को एहसास हुआ कि वह गर्भवती है। डरते-डरते उसने अपनी यह बात परिवार को बताई। माता-पिता तुरंत दिंडोशी पुलिस स्टेशन पहुंचे और अपनी बेटी के साथ हुई वारदात के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### आईटी सेक्टर को लगा बड़ा झटका!

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में यह जता दिया है कि वह बिना किसी सार्वजनिक चर्चा या पूर्व सूचना के बड़े निर्णय लेने के लिए तैयार रहते हैं। एच-1बी वीजा के लिए फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक करने के उनके निर्णय के साथ भी लगभग यही बात लागू होती है। ट्रंप के इस फैसले ने उन लोगों के मन में कुछ हद तक चिंता बढ़ा दी जिनके पास इस समय एच-1बी वीजा है। ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि ट्रंप की घोषणा के बाद हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि नया एच-1 बी वीजा फीस केवल नए आवेदकों पर ही लागू होगा। मगर इस बात का कतई भरोसा नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी सरकार इस आश्वासन पर कायम रहेगी। हालांकि, मौजूदा एच-1बी वीजा धारकों को निश्चित रूप से कुछ हद तक राहत महसूस होगी। अमेरिका प्रशासन का यह निर्णय किस तरह अमल में लाया जाएगा और किन पर लागू होगा इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसा लग रहा है कि ट्रंप प्रशासन इस बात को लेकर गर्व महसूस कर रहा है कि उसे अपने निर्णयों पर किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है और बाहरी लोगों को तो बिल्कुल नहीं। एच-1बी वीजा पर पर ट्रंप का निर्णय यह भी दर्शाता है कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में अधिक अतिवादी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल में उनके अटॉर्नी जनरल ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम सीमित करने एवं उसमें सुधार का प्रयास किया था मगर उनकी यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई। दूसरे कार्यकाल के लिए ट्रंप के शपथ ग्रहण से ठीक पहले बड़ी तकनीकी कंपनियों के प्रमुख लोगों और 'अमेरिका फर्स्ट' गुट के लोगों के बीच चर्चा में एच-1 बी वीजा का मुद्दा फिर उठा। उस समय निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने ईलॉन मस्क के प्रतिनिधित्व वाले गुट की बात मान ली थी। मगर अब मस्क राष्ट्रपति ट्रंप से दूर जा चुके हैं और अमेरिकी कंपनियों ने व्हाइट हाउस की इच्छाओं के आगे झुकने की अपनी रजामंदी भी दे दी है। इस गठबंधन के कारोबारी पक्ष पर 'अमेरिका फर्स्ट' समर्थक हावी हो गए हैं। ट्रंप के इस निर्णय पर भारतीय अधिकारियों ने साहसिक रुख अख्तियार किया है। उन्हें लगता है कि भारत के अपने तकनीकी एवं स्टार्टअप क्षेत्र बड़ी संख्या में प्रतिभावान लोगों को अपने साथ जोड़ सकते हैं मगर इस बात को लेकर भी संदेह नहीं कि भारत की कई सूचना प्रौद्योगिकी-समर्थित सेवा (आईटीईएस) कंपनियों के लिए गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group
editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : फिल्मसिटी में 5 लाख रुपए की चोरी...

## डिंडोशी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से 2.5 लाख रुपए जब्त किए



**मुंबई :** भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान मुंबई के गोरेगांव स्थित फिल्मसिटी में बॉलीवुड पार्क के तीन पूर्व कर्मचारियों ने 5 लाख रुपए की चोरी कर डाली। डिंडोशी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 2.5 लाख रुपए जब्त किए। आरोपियों ने चोरी का पैसा चोरों ने सार्वजनिक शौचालय के पीछे कचरे के ढेर में छुपा रखा था, जिसका इस्तेमाल वे ड्रग्स और मौज-मस्ती में उड़ाने की योजना बना रहे थे। कोर्ट ने तीनों को 21 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

घटना 14 सितंबर की रात की है, जब पूरा देश टीवी स्क्रीन पर चिपका हुआ था। बॉलीवुड पार्क के दफ्तर में कैश बॉक्स से चोरी हुई। आरोपी, जो तीन महीने पहले नौकरी छोड़ चुके थे, ने डुप्लीकेट चाबी बनाकर लॉकर तोड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपी हुसैन भट्ट (बस क्लीनर), अभिषेक परदे (बस कंडक्टर) और अभिषेक (पूर्व दफ्तर कर्मचारी) को दफ्तर की सिक्योरिटी का अंदाजा था। वे जानते थे कि कैश 7 से 14 सितंबर तक का कलेक्शन है और कहां रखा जाता है। हुसैन जोगेश्वरी की बिल्डिंग लाइन में काम करता था, जबकि अन्य फिल्मसिटी से जुड़े थे। दफ्तर में सीसीटीवी कैमरे दरवाजे की तरफ नहीं लगे होने से चोरों को लगा कि कोई निगरानी नहीं है। वे बेधड़क अंदर घुसे, कैश लूटा और फरार हो गए। शिकायत मिलते ही डिंडोशी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और मुंबई के अलग-अलग लोकेशनों से तीनों को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि चोरों ने पैसा कचरे में छुपाया था, ताकि मौका मिले तो निकाल लें। बाकी राशि ड्रग्स खरीदने और पार्टी करने में उड़ाने की बात कबूल की। पुलिस ने आईपीसी की धारा 380 (चोरी) और 457 (रात में घर तोड़ना) के तहत केस दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''मैच की व्यस्तता ने चोरों को मौका दिया, लेकिन हमारी त्वरित कार्रवाई से सारा राज खुल गया।'' मैनेजमेंट ने अब कैमरे बढ़ाने और लॉकर सिस्टम मजबूत करने का ऐलान किया। मामले की जांच जारी है, और पुलिस बाकी राशि बरामद करने की कोशिश में जुटी है।

# मुंबई : 24 सितंबर तक चीन से जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) पहुँच जाएगा



**मुंबई :** अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मुंबई में एक प्रमुख भूमिगत बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए सुरंग खोदने वाली मशीनों (टीबीएम) का पहला सेट 24 सितंबर तक चीन से जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) पहुँच जाएगा। आने वाले हफ़्तों में दूसरा सेट भी आने की उम्मीद है। 21 किलोमीटर लंबी सुरंग में से, शनिवार को एनएटीएम पद्धति का उपयोग करके 4.8 किलोमीटर की खुदाई पूरी कर ली गई। सुरंग के शेष हिस्से के निर्माण के लिए सुरंग खोदने वाली मशीनों (टीबीएम) का उपयोग किया जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पुष्टि की कि चीन से टीबीएम भेज दी गई हैं। सूत्रों के अनुसार, टीबीएम का पहला सेट वर्तमान में जहाज चिपोल शियोनगन पर है, जो 7 सितंबर को नानशा बंदरगाह से रवाना हुआ था। जहाज 18 पैकेज और दो कंटेनर ले जा रहा है, जिसका कुल वजन 934 मीट्रिक टन है। एक अधिकारी ने कहा, ''सुरंग स्थल पर ले जाए जाने से पहले, माल की खेप जेएनपीए में सीमा शुल्क निकासी से गुजरेगी, इस प्रक्रिया में लगभग 10 दिन लगने की उम्मीद है। परिणामस्वरूप, निर्माण स्थलों तक माल उतारने और परिवहन का काम अक्टूबर के पहले सप्ताह में पूरा होने की संभावना है।''

जर्मन सुरंग विशेषज्ञ हेरेनक्नेच द्वारा निर्मित तीन सुरंग खोदने वाली मशीनों का उपयोग बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी), विक्रोली और सावली में ऊर्ध्वाधर शाफ्टों के माध्यम से खुदाई के लिए किया जाएगा। ये शाफ्ट इस महत्वाकांक्षी भूमिगत सुरंग परियोजना के लिए प्रवेश और निकास बिंदु के रूप में काम करेंगे। अतिरिक्त प्रारंभिक कार्यों में घनसोली में 42-मीटर झुके हुए शाफ्ट का निर्माण और शिल्पाटा में एक पोर्टल का निर्माण शामिल है, जिसका निर्माण इंजीनियरिंग फर्म एफकॉन्स द्वारा किया जा रहा है।

# मुंबई : प्रतिष्ठित स्कूलों में नाबालिगों से जुड़े यौन उत्पीड़न की घटनाओं के बाद...

## समूह के प्रवक्ता ने पहली बार मीडिया के साथ अपना पक्ष साझा किया...



**मुंबई :** गोरेगांव पश्चिम और मलाड पश्चिम (जो एक ही स्कूल समूह से संबंधित हैं) के प्रतिष्ठित स्कूलों में नाबालिगों से जुड़े दो गंभीर कथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं के बाद, समूह के एक प्रवक्ता ने पहली बार मीडिया के साथ अपना पक्ष साझा किया है। प्रवक्ता ने कहा, ''दोनों घटनाओं की जाँच चल रही है और स्कूल प्रशासन अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है।'' स्कूल द्वारा इस मुद्दे को ठीक से न सुलझाने और पारदर्शिता की कमी के बारे में कई अभिभावकों की शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर, प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**मलाड स्कूल में पहली घटना**

पहली घटना 12 फरवरी, 2025 को हुई थी और इसमें मलाड पश्चिम के एक उच्च-स्तरीय स्कूल में 3.6 साल की बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न शामिल था, जो उसी प्रतिष्ठित समूह से संबंधित है। इस मामले में, अपराध शाखा इकाई 11 ने 11 सितंबर को महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंपी। सबूतों के आधार पर, रिपोर्ट में इस घटना के घटित होने से दृढ़ता से इनकार किया गया और पहली घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। रिपोर्ट में दावा किया गया कि शिकायतकर्ता एक पुरुष संगीत शिक्षक से रंजिश रखता था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि पीड़िता 12 फरवरी को किसी भी समय संगीत शिक्षक के साथ नहीं देखी गई थी। उस दिन शाम 6 बजे शिकायतकर्ता अपनी बेटी को ऑटो रिक्शा से सुरक्षित घर ले गई।

# एच1बी वीजा शुल्क को 100,000 डॉलर सालाना करने के फैसले से भारतीय आईटी पेशेवरों में हड़कंप!

## पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया




**मुंबई :** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा एच1बी वीजा शुल्क को 100,000 डॉलर (करीब 84 लाख रुपए) सालाना करने के फैसले ने भारतीय आईटी पेशेवरों में हड़कंप मचा दिया है। इस कदम का सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ेगा, जहां 71 प्रतिशत एच1बी वीजा भारतीयों को मिलते हैं। इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट साझा किया। उन्होंने एच1बी वीजा के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने 'चौंकाने वाली चुप्पी' बताते हुए कहा कि यह न केवल पेशेवरों बल्कि कंपनियों और युवाओं की आकांक्षाओं पर प्रहार है।

ठाकरे ने पोस्ट में लिखा, ''समस्या सिर्फ हमले की नहीं है, उससे भी बड़ी समस्या केंद्र सरकार की चौंकाने वाली चुप्पी है। अगर 'आत्मनिर्भर भारत', 'मेक इन इंडिया' और ऐसे ही दूसरे नारे वाकई लागू होते, तो इतनी अराजकता न होती। डॉलर के मुकाबले कमजोर होते रुपए और टैरिफ ने हमें पहले ही बुरी तरह प्रभावित किया है, और सत्ताधारी पार्टी की बातें चाहे कितनी भी दिखावटी या साहसिक लगें, हमें कड़वी सच्चाई को देखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अब एच1बी वीजा शुल्क का असर लाखों कामकाजी पेशेवरों, उन्हें नौकरी देने वाली कंपनियों और हजारों युवा आकांक्षाओं पर पड़ेगा, जो अपना करियर और बेहतर दुनिया बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

ठाकरे ने कहा, ''मैं विदेश यात्राओं के शानदार 11 सालों पर और यह भी नहीं कहूंगा कि क्या यह किसी विदेश नीति में तब्दील होता है, लेकिन हम भारतीयों को अपनी सरकार को हमसे और अमेरिका से बात करते हुए सुनने की जरूरत है। भारत-अमेरिका के बीच अच्छे संबंध विश्व के लिए बहुत अच्छी बात है, लेकिन हमारी सरकार की चुप्पी उन लोगों के लिए पूर्ण अंधकार है। बता दें कि ट्रंप ने 19 सितंबर को इस घोषणा पर हस्ताक्षर किए,

## मुंबई : प्रेमी ने कर ली आत्महत्या;

### पुलिस ने समय पर हस्तक्षेप कर 19 वर्षीय लड़की को आत्महत्या करने से रोका

**मुंबई :** पुलिस के समय पर हस्तक्षेप ने एक 19 वर्षीय लड़की को आत्महत्या करने से रोक दिया, जब उसे पता चला कि उसके प्रेमी ने पवई में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। घाटकोपर स्थित पार्कसाइट पुलिस के अनुसार, उन्हें शनिवार दोपहर सूचना मिली कि पवई के महात्मा फुले मार्केट इलाके के पास रहने वाले एक 19 वर्षीय लड़के ने आत्महत्या कर ली है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''जब लड़के के परिवार को आत्महत्या के बारे में पता चला, तो उन्होंने लड़की के साथ गाली-गलौज की, क्योंकि उन्हें लड़के के उसके साथ प्रेम संबंध के बारे में पता था। '' तब पुलिस को एहसास हुआ कि लड़की भी आत्महत्या कर सकती है और वे उसके घर पहुँचे। कथित तौर पर लड़के का परिवार पुलिस के आने से ठीक पहले वहाँ मौजूद था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि घर बंद था और जब एक कांस्टेबल ने दरवाजा तोड़ा तो उन्होंने पाया कि लड़की ने छत से रस्सी बाँधकर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने तुरंत उसे बचाया और घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल ले गई जहाँ उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने लड़के की आत्महत्या के संबंध में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।

## पालघर : होटल में वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर की गई तीन महिलाओं को बचाया; 39 वर्षीय प्रबंधक गिरफ्तार

**पालघर :** जिले में पुलिस ने एक होटल में वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर की गई तीन महिलाओं को बचाया और होटल के 39 वर्षीय प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बोईसर के होटल में गुप्त सूचना के बाद छापा मारा गया एक गुप्त सूचना के बाद, स्थानीय अपराध शाखा और अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ के कर्मियों ने 18 सितंबर को बोईसर इलाके में स्थित होटल में छापा मारा। बोईसर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह पता चला कि पंजाब के पटियाला का रहने वाला होटल प्रबंधक महिलाओं को वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल रहा था और उनके शोषण से होने वाली आय से अपनी आजीविका चला रहा था।

## मुंबई : 52 वर्षीय पुजारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसने कथित तौर पर तड़के एक मंदिर में पंखे से लटककर फांसी लगा ली।

**मुंबई :** कांदिवली पश्चिम में एक 52 वर्षीय पुजारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसने कथित तौर पर तड़के एक मंदिर में पंखे से लटककर फांसी लगा ली। प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि उसने कथित तौर पर एक 19 वर्षीय लड़की से यौन संबंध बनाने की कोशिश की थी। लड़की और उसके पिता द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद, उसने कथित तौर पर कुछ ही देर बाद आत्महत्या कर ली। कांदिवली पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जाँच जारी है। मृतक का विवरण पुलिस के अनुसार, कांदिवली पश्चिम के लालजीपाड़ा स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी राजेश गोस्वामी इसी इलाके में रहते थे। उनके चार बच्चे थे, जिनमें दो बेटियाँ शामिल हैं, और उनका बेटा भी पुजारी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले गोस्वामी लगभग सात-आठ वर्षों से मंदिर में कार्यरत थे।

## मुंबई : राज्य के वरिष्ठ महाविद्यालयों में मार्च 2026 से पहले 5,500 सहायक प्राध्यापकों की भर्ती की जाएगी




**मुंबई :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ महाविद्यालयों में मार्च 2026 से पहले 5,500 सहायक प्राध्यापकों की भर्ती की जाएगी। वह नांदेड़ स्थित स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। पाटिल ने कहा कि सरकार ने वरिष्ठ महाविद्यालयों के लिए 5,500 सहायक प्राध्यापकों और 2,900 गैर-शिक्षण पदों को मंजूरी दे दी है। मंत्री ने बताया कि वित्त और योजना विभाग दोनों ने अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक सरकारी प्रस्ताव (जीआर) जारी किया जाएगा और अगले साल मार्च से पहले 5,500 सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों को भरा जाएगा।

## नांदेड़ : भारी बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से हुई फसलों के नुकसान का 100 प्रतिशत मुआवजा दिया जाएगा - कृषि मंत्री दत्तात्रेय भारणे



**नांदेड़ :** महाराष्ट्र का पहला ज़िला बन गया है जहाँ भारी बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से हुई फसलों के नुकसान का 100 प्रतिशत मुआवजा दिया जाएगा, राज्य के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भारणे ने कहा है। उन्होंने बताया कि 553.48 करोड़ रुपये की राहत राशि का वितरण सोमवार से शुरू होगा। कटाव और गाद प्रभावित भूमि के लिए अतिरिक्त 20.81 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। भारणे ने एक बयान में कहा कि फसल नुकसान से प्रभावित किसानों की सूची एक विशेष अभियान के तहत सरकारी पोर्टल पर अपलोड की जा रही है और स्वीकृत राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी।

उन्होंने कहा, ''नांदेड़ पहला ज़िला है जहाँ भारी बारिश से प्रभावित फसलों वाले किसानों को 100 प्रतिशत राहत मिलेगी।'' उन्होंने बताया कि 553.48 करोड़ रुपये की राहत राशि का वितरण सोमवार से शुरू होगा। कटाव और गाद प्रभावित भूमि के लिए अतिरिक्त 20.81 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। भरणे ने एक बयान में कहा कि फसल नुकसान से प्रभावित किसानों की सूची एक विशेष अभियान के तहत सरकारी पोर्टल पर अपलोड की जा रही है और स्वीकृत राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी। उन्होंने कहा, ''नांदेड़ पहला ज़िला है जहाँ भारी बारिश से प्रभावित फसलों के किसानों को 100 प्रतिशत राहत मिलेगी।''

# ठाणे : 2 अक्टूबर तक सुबह 6 बजे से 11 बजे और शाम 5 बजे से रात 11 बजे के व्यस्त समय के दौरान भारी मल्टी-एक्सल वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध...

**ठाणे :** ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने एक अधिसूचना जारी कर 2 अक्टूबर तक सुबह 6 बजे से 11 बजे और शाम 5 बजे से रात 11 बजे के व्यस्त समय के दौरान भारी मल्टी-एक्सल वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारी वाहनों को ठाणे शहर की सीमा में प्रवेश करने और पार करने के लिए 2 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे और रात 11 बजे से सुबह 6 बजे के बीच प्रवेश की अनुमति है, ताकि सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित हो सके। इस आदेश का उद्देश्य ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में भीड़भाड़ को कम करना है। पुलिस ने घोड़बंदर रोड, कल्याण-शील रोड और ठाणे शहर के अन्य हिस्सों में भारी यातायात भीड़ की सूचना दी। भीड़भाड़ को कम करने के लिए, ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने प्रतिबंधित घंटों के दौरान आवश्यक सामान ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। भिवंडीः वाडा रोड पर नदी नाका के माध्यम से




भिवंडी शहर की ओर भारी वाहनों (10-पहिया और उससे अधिक) का प्रवेश कोनगांवः नासिक से मुंबई की ओर आने वाले भारी वाहनों का बसुरी होटल (सरवलीगांव) में प्रवेश वर्जित है। नासिक हाईवे से बापगांव, गांधारी चौक होते हुए बदलापुर, नवी मुंबई, पुणे, उरण और न्हावा-शेवा की ओर आने वाले वाहन (दस पहिया और उससे बड़े) वर्जित हैं। मुरबाद से शाहद ब्रिज रोड होते हुए आने वाले भारी वाहन महारल जकात नाका पर वर्जित हैं। अंबरनाथः कर्जत से बदलापुर की ओर जाने वाले वाहन खरवाई नाका पर वर्जित हैं। मुरबाद से बदलापुर की ओर जाने वाले वाहन एरंजद पर वर्जित हैं। कोपरीः नवी मुंबई से आनंदनगर चेक नाका होते हुए ठाणे शहर जाने वाले भारी वाहन वर्जित हैं। कासरवडावलीः मुंबई, विरार और वसई से घोड़बंदर रोड की ओर आने वाले वाहन नीरा केंद्र, गायमुख घाट पर वर्जित हैं। वागलेः मुंबई से एलबीएस रोड होते हुए ठाणे जाने वाले वाहनों का मोडेला चेक पोस्ट पर प्रवेश प्रतिबंधित है। गुजरात मार्गः पुलिस यातायात विभाग के अधिकार क्षेत्र में गुजरात से चिंचोटी नाका होते हुए सभी भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है।

# मुंबई : संजय राउत ने किया मराठी सांस्कृतिक संस्थाओं पर बीजेपी और बिल्डर लॉबी द्वारा कथित कब्जे पर तीखा हमला...

**मुंबई :** शिवसेना के नेता संजय राउत ने मराठी सांस्कृतिक संस्थाओं पर बीजेपी और बिल्डर लॉबी द्वारा कथित कब्जे पर तीखा हमला किया है. यूबीटी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित अपने लेख ''रोखठोखः मराठी मुंबई का क्या होगा?ङ्क साहित्य संघ का किला ढह रहा है!'' के माध्यम से राउत ने सीधे सवाल उठाया कि क्या मुंबई के बिल्डर अब मराठी साहित्य संघ जैसी ऐतिहासिक संस्थाओं को भी अपने कब्जे में लेना चाहते हैं. मुंबई मराठी साहित्य संघ की स्थापना 1935 में डॉ. अमृत नारायण भालेराव द्वारा की गई थी और यह मराठी भाषा, साहित्य और कला के संरक्षण का प्रमुख केंद्र रहा है. राउत ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में डुप्लिकेट वोटिंग और अन्य अनियमितताओं के माध्यम से साहित्य संघ में बीजेपी के समर्थक मतदाता शामिल हुए.

**चुनावी विवाद और भूमि अधिग्रहण का आरोप**

लेख में राउत ने मंगलप्रभात लोढ़ा और गौतम अडानी जैसी संपन्न व्यक्तियों के मुंबई में भूखंडों पर नियंत्रण का मुद्दा उठाया. कहा



गया कि साहित्य संघ, मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय और 'बेस्ट' कामगार सेना जैसी संस्थाओं में बीजेपी पोषित बिल्डरों की नजरें हैं.

'बेस्ट' चुनाव में भी 12,500 मत पड़े, जिसमें कई अवैध और खरीदे गए वोट शामिल थे. राउत ने बताया कि बिल्डर प्रसाद लाड ने गरीब कर्मचारियों को पांच-पांच हजार रुपये देकर वोट खरीदे और मराठी मतदाताओं को विभाजित किया. उनका आरोप है कि ये सभी प्रयास मराठी संस्थाओं की जमीन और अधिकार हथियाने की रणनीति का हिस्सा हैं.

**सांस्कृतिक विरासत और मराठी पहचान पर खतरा**

संजय राउत ने कहा कि मुंबई मराठी संस्कृति और रंगमंच का केंद्र रहा है. डॉ. भाऊ दाजी लाड, गंधर्व नाटक मंडली, पेंढारकर के ललित कला दर्शन और मुंबई उच्च न्यायालय की मराठी परंपराएं आज भी जीवित हैं. राउत ने चेतावनी दी कि अगर ऐसी कोशिशें जारी रहीं, तो मराठी समाज की सांस्कृतिक विरासत खतरे में पड़ सकती है. उन्होंने नारायण राणे के बयान का भी जिक्र किया, जिन्होंने मराठी लोगों के योगदान को खारिज किया और बीजेपी की भाषा अपनाई. राउत ने इसे मराठी समाज और संस्कृति के लिए घातक बताया. लेख में संजय राउत ने 1928 में ज्ञानकोशकार श्रीधर वेंकटेश केतकर के भाषण को उद्धृत किया, जिसमें मराठी साहित्य और भाषा की सुरक्षा पर जोर दिया गया था.

# मुंबई : मोनो रेल में आ रही तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए सिग्नल सिस्टम में बदलाव शुरू

**मुंबई :** मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण ने देश की पहली मोनो रेल में आ रही तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए सिग्नल सिस्टम में बदलाव शुरू कर दिया है। मोनो रेल का सफर अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एमएमआरडीए ने मेट्रो का सिग्नल सिस्टम मोनो रूट पर अपनाने का फैसला लिया है। एमएमआरडीए द्वारा संचालित मेट्रो-7 और मेट्रो-2 ए कॉरिडोर पर सीबीटीसी सिग्नल सिस्टम का इस्तेमाल होता है। सीबीटीसी तकनीक के तहत ट्रेन की हर वक्त रियल टाइम मॉनिटरिंग होती है।



इसमें ट्रेन और कंट्रोल सेंटर के बीच लगातार डेटा संचार होता है, जिससे ट्रेन की लोकेशन और स्पीड का पता चलता है। जबकि मोनो के पुराने सिग्नल सिस्टम पूरी तरह से ऑटोमैटिक नहीं हैं। इसमें मोनो के ट्रैक को कई ब्लॉक्स में बांटा गया है। एक समय में एक ब्लॉक से केवल एक ही ट्रेन गुजरती है। ट्रेन को शुरू करना, बंद करना, ब्रेक लगाना समेत कई अन्य कार्य मैनुअल तरीके से होते हैं। पुराने सिग्नल सिस्टम ने कई काम मैनुअल होने के कारण मेंटेनेंस में भी काफी समय लगता है।

मोनो ट्रेन पर लग रहा सीबीटीसी सिग्नल सिस्टम ट्रेन की स्पीड नियंत्रित करने के साथ ही चालक को आगे के मार्ग की स्थिति से भी अगवत कराता रहेगा। इसकी सबसे बड़ी खूबी कि अगर चालक ट्रेन का ब्रेक लगाना भूल गया, तो भी ट्रेन अपने आप रुक जाएगी। नए सिस्टम में चालक को सिर्फ निगरानी करनी है, बाकी काम सिग्नल सिस्टम करेगा। इसके लिए ट्रैक पर सेंसर सिग्नल कंट्रोल यूनिट लगाई जाती है। मोनो के पूरे माग्र पर 32 जगहों पर इलेक्ट्रॉनिग इंटरलॉकिंग लगने हैं।

# नवी मुंबई : दिल दहला देने वाली वारदात...

## 17 वर्षीय किशोरी की घर के अंदर ही बेरहमी से हत्या

**नवी मुंबई :** तलोजा शहर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां 17 वर्षीय किशोरी की घर के अंदर ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार को तलोजा फेज-2 के आसावरी सोसायटी में हुई। पीड़िता अपने माता-पिता के साथ उसी सोसायटी में रहती थी। जानकारी के मुताबिक, 19 सितंबर को सुबह साढ़े नौ से शाम पांच बजे के बीच पीड़िता के माता-पिता काम पर गए थे. इसी दौरान आरोपी ने लड़की के सिर, चेहरे, आंख और आंखों के आसपास भारी वस्तु से हमला किया और उसके गले पर धारदार हथियार से गंभीर चोट




पहुंचाई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के दिन जब माता-पिता काम से लौटे तो उन्होंने बेटी को खून से लथपथ हालत में पड़ा पाया। किशोरी के सिर और चेहरे पर किसी भारी चीज से वार किया गया था, जबकि गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या घरेलु विवाद के चलते की गई। पुलिस को अपने गुप्तचरों से पता चला कि हत्या के पीछे पीड़िता के किसी रिश्तेदार का हाथ है। जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए तलोजा पुलिस ने ठाणे जिले के उल्हासनगर से 45 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया।

चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी मृतक लड़की की मौसी का पति है। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल जांच जारी है कि आखिर किन कारणों से इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया।

# मुंबई : 2,000 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र, लगभग 1,235 पेड़ काटे जाएँगे

**मुंबई :** भांडुप कॉम्प्लेक्स में 2,000 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) क्षमता वाला एक नया जल शोधन संयंत्र निमार्णाधीन है। हालाँकि, इस परियोजना के परिणामस्वरूप लगभग 1,235 पेड़ काटे जाएँगे। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इनमें से 438 पेड़ पहले ही भांडुप कॉम्प्लेक्स परिसर में पुनः लगाए जा चुके हैं। अधिकारियों का दावा है कि शेष 835 पेड़ों की भरपाई के लिए तानसा झील क्षेत्र में 11,443 नए पेड़ लगाए जा रहे हैं। भांडुप कॉम्प्लेक्स जल शोधन संयंत्र मुंबई के प्रमुख हिस्सों में पानी की आपूर्ति



करता है और इसे एशिया की सबसे बड़ी जल शोधन सुविधा के रूप में मान्यता प्राप्त है।

इसकी कुल शोधन क्षमता 2,810 एमएलडी है। वर्तमान में, कॉम्प्लेक्स में दो इकाइयाँ हैं जो प्रतिदिन लगभग 1,910 एमएलडी और 900 एमएलडी पानी को शुद्ध करती हैं। पानी की बढ़ती माँग को देखते हुए, भांडुप कॉम्प्लेक्स में 2,000 एमएलडी क्षमता वाला एक नया शोधन संयंत्र निमार्णाधीन है। एक वरिष्ठ नगर निगम अधिकारी ने बताया कि नई जल उपचार परियोजना से प्रभावित 1,235 पेड़ों में से 438 को रूट बॉल तकनीक का उपयोग करके पुनः रोपा गया, जिससे 100% जीवित रहने की दर और स्वस्थ विकास के संकेत मिले। शेष 835 पेड़ों की भरपाई के लिए, तानसा बांध के पास 10,000 नए पेड़ लगाए गए हैं, और 1,443 और पेड़ लगाने की योजना है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती है और क्षेत्र के हरित आवरण को बढ़ाती है। अतिरिक्त नगर आयुक्त (परियोजनाएँ) अभिजीत बांगर ने कहा, ''पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक ज़िम्मेदारी है। भांडुप परिसर में पेड़ों के सफल पुनःरोपण ने शहर की हरित विरासत को मजबूत किया है। 'रूट बॉल' तकनीक जैसी वैज्ञानिक विधियों के उपयोग से 100% जीवित रहने की दर सुनिश्चित हुई है।''

# नासिक : तीन पत्रकारों पर स्थानीय गुंडों ने किया हमला...

**नासिक :** नासिक के त्र्यंबकेश्वर में स्थानीय गुंडों ने तीन पत्रकारों पर कथित तौर पर हमला किया, क्योंकि उन्होंने आगामी कुंभ मेले से पहले एक साधुओं की बैठक की कवरेज के दौरान अवैध वाहन प्रवेश शुल्क का भुगतान करने से इनकार कर दिया था। घायल पत्रकारों की पहचान योगेश खरे (जी 24 तास), किरण ताजने (पुधारी न्यूज) और अभिजीत सोनवणे (साम टीवी) के रूप में हुई है।

कथित तौर पर कामन इलाके में स्वामी समर्थ केंद्र के पास उन पर लाठियों और छातों से हमला किया




गया। उनमें से एक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य दो का शहर के एक सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमलावर कथित तौर पर इलाके में प्रवेश करने वाले वाहनों से जबरन वसूली कर रहे थे।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com